कैंसर के लिए विकिरण थेरेपी

Radiation Therapy for Cancer – Hindi

विकिरण थेरेपी कुछ प्रकार के कैंसर और कैंसर के कारण होने वाली अन्य समस्याओं के इलाज के लिए मजबूत बीम या ऊर्जा की तरंगों का उपयोग करती है। कैंसर वाले हर व्यक्ति को विकिरण चिकित्सा नहीं दी जाती।

विकिरण कैसे काम करता है?

विकिरण कैंसर कोशिकाओं को नुकसान पहुँचाता है जिससे वे विकसित नहीं हो पाते और अधिक कैंसर कोशिकाएँ नहीं बन पाते।

आमतौर पर, कैंसर कोशिकाओं या ट्यूमर के क्षेत्र में विकिरण की उच्च खुराक भेजने के लिए एक विशेष मशीन का उपयोग किया जाता है। इसे "बाहरी बीम विकिरण थेरेपी" कहा जाता है।

कुछ प्रकार के कैंसर के लिए, ट्यूमर के पास शरीर के अंदर एक रेडियोधर्मी स्रोत डाला जाता है। इसे "आंतरिक विकिरण" या "ब्रेकीथेरेपी" कहा जाता है। अन्य प्रकार के कैंसर के लिए, रेडियोधर्मी दवाओं का उपयोग किया जाता है। उन्हें मुंह से दिया जा सकता है या नस में डाला जा सकता है।

विकिरण ही कैंसर का एकमात्र इलाज हो सकता है। या, इसका उपयोग सर्जरी, कीमोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी, लक्षित थेरेपी, या इम्यूनोथेरेपी जैसे अन्य इलाजों के साथ किया जा सकता है।

लोग विकिरण थेरेपी लेने कहाँ जाते हैं?

विकिरण आमतौर पर एक आउटपेशेंट क्लिनिक या इलाज केंद्र में दिया जाता है। इलाज शुरू करने से पहले, आप अपने विकिरण थेरेपी के चिकित्सक और टीम से मिलेंगे। वे इलाज के लिए सटीक क्षेत्र की पहचान करेंगे और आपके कैंसर के इलाज के लिए किस प्रकार का विकीरण और विकिरण की कौनसी खुराक की आवश्यकता होगी उसका पहचान करेंगे । कुछ विकिरण उपचारों के लिए, व्यक्ति को एक या अधिक रातों के लिए अस्पताल में रहने की आवश्यकता हो सकती है।

इलाज कितनी बार दिया जाता है, और यह कितने समय तक चलता है?

विकिरण थेरेपी की योजना कैंसर के प्रकार, जैसे क्या यह शरीर के अन्य भागों में फैल गया है, और व्यक्ति को होने वाली अन्य स्वास्थ्य समस्याओं पर निर्भर करती है।

प्रत्येक व्यक्ति का उपचार और यह कितने समय तक चलता है यह अलग होगा। उदाहरण के लिए, बाहरी बीम विकिरण थेरेपी प्राप्त करने वाला व्यक्ति कुछ निश्चित सप्ताहों के लिए सप्ताह में 5 बार इलाज करवा सकता है। उनको इलाज देने में आमतौर पर हर बार केवल कुछ मिनट लगते हैं। लेकिन, ब्रैकीथेरेपी प्राप्त करने वाले व्यक्ति को केवल एक ही इलाज मिल सकता है या कुछ तय समय के लिए कुछ इलाज मिल सकते हैं।

विकिरण थेरेपी के लिए तैयार होना

यदि विकिरण आपके इलाज का हिस्सा है, तो अपनी स्वास्थ्य देखभाल टीम से इस बारे में बात करें कि इससे क्या अपेक्षा की जाए। इससे आपको जरूरत पड़ने पर अपने काम या परिवार के कार्यक्रम में बदलाव की योजना बनाने में मदद मिलेगी।

विकिरण थेरेपी के दुष्प्रभाव

विकिरण थेरेपी कुछ सामान्य स्वस्थ कोशिकाओं को हानि पहुँचाती है, जिसके कारण दुष्प्रभाव हो सकते हैं। लोगों को होने वाले दुष्प्रभाव इलाज दिया जाने वाले शरीर के प्रकार और क्षेत्र पर निर्भर करते। इस वजह से, विकिरण प्राप्त करने वाले सभी लोगों के समान दुष्प्रभाव नहीं होंगे।

कुछ दुष्प्रभाव इलाज के दौरान या उसके ठीक बाद हो सकते हैं, जबकि अन्य दुष्प्रभाव इलाज के कुछ दिनों, हफ्तों, महीनों या वर्षों के बाद हो सकते हैं।

कुछ सामान्य दुष्प्रभावों में शामिल हैं:

- कमजोर और थका हुआ महसूस करना (थकान)
- उपचारित क्षेत्र पर या उसके आसपास की त्वचा में परिवर्तन
- उपचारित क्षेत्र में या उसके आसपास बालों का झड़ना
- रक्त कोशिकाओं की संख्या कम होना
- इलाज क्षेत्र में शरीर का कौन सा अंग है उसके अनुसार अन्य समस्याएं

पूछे जाने वाले प्रश्न

यहाँ कुछ प्रश्न दिए गए हैं जो आप अपने डॉक्टर और स्वास्थ्य का देखभाल करने वाली टीम से पूछ सकते हैं:

- मुझे किस प्रकार का विकिरण मिलेगा?
- मुझे कितनी बार इलाज मिलेगा?
- मेरा इलाज कब तक चलेगा?
- मैं अपना इलाज कराने के लिए कहां जाऊंगा?
- क्या मैं इलाज के लिए खुद ड्राइव कर के जा सकता हूं?
- क्या मुझे अन्य प्रकार के इलाज की आवश्यकता होगी?
- मुझे क्या क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?
- मेरे दुष्प्रभावों का प्रबंधन कैसे किया जाएगा और मैं उनके बारे में क्या कर सकता हूं?
- क्या मुझे कोई दीर्घकालिक या देर से होने वाले दुष्प्रभाव होंगे?
- क्या मैं इलाज के दौरान अपनी अन्य दवाएं या सप्लीमेंट लेना जारी रख सकता हूं?
- क्या मेरा बीमा विकिरण चिकित्सा के लिए भुगतान करेगा? मुझे कितना भुगतान करना होगा?
- क्या मैं इलाज के दौरान काम कर पाऊंगा, स्कूल जा पाऊंगा या अपने परिवार की देखभाल कर पाऊंगा?
- इलाज के दौरान मैं अपना ख्याल रखने के लिए क्या कर सकता हूँ?
- क्या इलाज प्राप्त करते समय मुझे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए कोई विशेष कार्य करने की आवश्यकता है?
- मुझे डॉक्टर या नर्स को कब कॉल करना चाहिए?

कैंसर की जानकारी, दिन-प्रतिदिन की सहायता और सहयोग के लिए, अमेरिकन कैंसर सोसायटी को **1-800-227-2345** पर कॉल करें या **cancer.org/radiation** पर हमें ऑनलाइन पाएँ। जब भी आपको हमारी जरूरत हो, आपके लिए हम हैं।

HINDI
©2021, American Cancer Society, Inc.
No. 080805
BBB ACCREDITED CHARITY
bbb.org/charity